संख्या–cm-117
05/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में कटिहार जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**पटना, 05 फरवरी 2022 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में कटिहार जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत दिघरी में राष्ट्रीय बागवनी मिशन के तहत शेड्नेस में संरक्षित जैविक खेती का जायजा लिया और किसान श्री अरुण भगत से इस योजना के तहत किए जा रहे कृषि कार्य की जानकारी ली। कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार ने मुख्यमंत्री को इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किसानों को इससे हो रहे फायदे के संबंध में भी मुख्यमंत्री को बताया। समग्र अलंकारी प्रजनन इकाई (मत्स्य), मधु उत्पादन कार्य, मशरूम उत्पादन कार्य, मखाना उत्पादन कार्य, सब्जी उत्पादन कार्य और बांस उत्पादन कार्य कर रहे प्रगतिशील किसानों ने मुख्यमंत्री बागवानी मिशन योजना से हो रहे फायदे के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। प्रगतिशील किसानों ने जैविक कॉरिडोर परियोजना के तहत की जा रही जैविक खेती से हो रहे फायदे के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। सूक्ष्म सिंचाई के साथ मखाने की खेती की शुरुआत भी यहां की गई है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जैविक उत्पादों को लेकर लोकल मार्केट उपलब्ध कराएं ताकि किसानों को इसका फायदा मिले। मुख्यमंत्री ने कृषि यांत्रिकीकरण योजना के तहत किसानों को अनुदानित मशीन वितरित किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सुशीला पोखर का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और पोखर में मछली भी छोड़ा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पोखर के चारों तरफ पौधारोपण कराएं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत राज, दिघरी का निरीक्षण किया और वहां पुस्तकालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही वहां उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की। इस दौरान वहां मौजूद पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह ने सारी व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने नये पंचायत सरकार भवन के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी दिया।

ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0 ने मुख्यमंत्री को सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित परिवारों के संबंध में जानकारी दी और बताया कि इस योजना से इनके जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जो योग्य हैं उन्हें सतत् जीविकोपार्जन योजना का लाभ दिलाते रहें। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 30 परिवारों को 18 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों और मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला

लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किये। साथ ही उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भी भेंट की।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यहां पर पंचायत सरकार भवन बनाने को कहा गया है। इसको लेकर हमने जगह भी चिन्हित करा दिया है। पंचायत सरकार भवन के तेजी से निर्माण को लेकर हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है। पंचायत सरकार भवन में सरकार द्वारा काफी सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। पंचायत सरकार भवन का होना बहुत जरुरी है। हम चाहते हैं कि बिहार की सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बन जाये। बाढ़ की स्थिति में आसपास के जो गांव प्रभावित होते हैं उन लोगों को पंचायत सरकार भवन में रहने की सुविधा होती है। पंचायत सरकार भवन में सरकार द्वारा सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। सरकार की योजनाओं से किसानों को भी काफी फायदा हो रहा है। यहां के किसान काफी अच्छा काम कर रहे हैं। किसानों द्वारा तैयार उत्पाद को देखकर मुझे काफी अच्छा लगा है। हमलोगों ने गंगा नदी के दोनों तरफ जैविक खेती की शुरुआत करायी थी। नालंदा में पहले से जैविक खेती हो रही थी। इसके अलावा हमलोगों ने 12–13 जगहों पर इसे शुरु कराया। अब काफी अच्छी जैविक खेती हो रही है। कोरोना का दौर शुरु होने से पहले तक हमलोग हमेशा जाकर देखते रहते थे। कटिहार हम हमेशा आते रहे हैं। कोरोना के समय भी अगर बाढ़ की स्थिति आती थी तो हम क्षेत्र में जाकर या एरियल सर्वे के माध्यम से देखते थे। इस बार की यात्रा का मकसद यह है कि जो काम सरकार की तरफ से कराया जा रहा है, उसे देखना कि कितनी प्रगति हुयी है। अगर कहीं कोई कमी है तो उसे पूरा करना। सभी जगहों पर घूमने से यह पता चलता है कि इन इलाकों में और क्या करना चाहिए जिससे लोगों का और ज्यादा विकास हो सके।

जीविका दीदियों का नाम अब अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जीविका दीदियां कई जगहों पर ट्रेनिंग देने जाती हैं। ये लोग काफी अच्छा काम कर रही हैं। हम जहां भी जाते हैं जीविका दीदियों से बातचीत करते हैं। उनकी स्थिति को देखते और समझते हैं। बिहार में अब एक करोड़ 30 लाख जीविका दीदियां हो गई हैं। शुरु से मेरी इच्छा स्वंय सहायता समूह को बढ़ावा देने की थी। उसी को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। अब जीविका दीदियों का काफी विकास हो रहा है। महिलाएं अब काम करने लगी हैं जिससे उनका कंफिडेंस लेवेल काफी ऊंचा हो गया है। महिलाएं पहले कुछ बोल नहीं पाती थीं अब काफी अच्छे तरीके से अपनी बातों को रखती हैं। महिलाओं के आगे बढ़ने से नई पीढ़ी का काफी उत्थान होगा। बिहार पौराणिक स्थल है। यहां पर जब सब काम पूरा हो जायेगा तो दुनिया भर के लोग फिर से इसे देखने आयेंगे। हमारा मकसद है कि बिहार को उसी ऊंचाई पर ले जायें। इसी को लेकर हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सह स्वास्थ्य उपकेंद्र डिहरी का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित बाल ह्रदय योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने डिहरी पंचायत के वार्ड 3 एवं 4 का भ्रमण किया और उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना के तहत 200 आवासन क्षमता वाले वृहत् आश्रय गृह का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा ने वहां की व्यवस्थाओं तथा भवन निर्माण विभाग

के सचिव श्री कुमार रवि ने नवनिर्मित भवन के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के पश्चात् नवनिर्मित भवन परिसर का निरीक्षण किया और कमरा, भोजनालय तथा प्रशासनिक भवन आदि के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भवन के ऊपर सौर प्लेट लगवाएं। यहां सारी व्यवस्थाएं अच्छी रखें ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। खेल–कूद के साथ–साथ बच्चों के मनोरंजन का भी ख्याल रखें।

बच्चों ने गीत गाकर एवं पेंटिंग भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री सह कटिहार जिले के प्रभारी मंत्री श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, समाज कल्याण मंत्री श्री मदन सहनी, सांसद श्री दुलालचंद गोस्वामी, सांसद श्री संतोष कुशवाहा, विधायक श्री महबूब आलम, विधायक श्री शकील अहमद खां, विधायक श्री विजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव श्री मिहिर कुमार सिंह, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा, कृषि विभाग के सचिव श्री एन0 सरवन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी0, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी कटिहार श्री उदयन मिश्रा, पुलिस अधीक्षक कटिहार श्री जितेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******